







# लगभग 6720 वर्गफीट शासकीय भूमि को मुक्त कराया

## सरकारी भूमि को शामिल कर काट दी गई थी कॉलोनी, राजस्व की टीम ने सीमांकन कर भूमि को कब्जे में लिया

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा शासकीय भूमियों के संरक्षण के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस लाईन रोड पर लगभग 6 हजार 720 वर्गफीट शासकीय वेशकीमती भूमि को अवैध कॉलोनाइजर से मुक्त कराने की कार्यवाही की गई है। राजस्व की टीम द्वारा किये गये सीमांकन के बाद पाया गया कि अवैध कॉलोनाइजर द्वारा उक्त सरकारी भूमि को शामिल कर कॉलोनी काटकर प्लाटिंग कर दी गई थी तथा प्लाटो का विक्रय भी कर दिया गया, सीमांकन के बाद दल बल के साथ मौके पर पहुंची राजस्व की टीम द्वारा उक्त सरकारी भूमि को अपने कब्जे में लेते हुए चारो ओर तार फेसिंग कराने के साथ ही भूमि के शासकीय होने का बोर्ड भी लगा दिया गया है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा आम लोगो को अवैध कॉलोनाइजरो से बचाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत पिछले दिनो से कार्यवाही शुरू की गई है, जिसमें अवैध कॉलोनाइजरो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर आमजन को इन कॉलोनियों में प्लाट क्रय नही करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में उनके द्वारा अवैध कॉलोनियों के पास स्थित शासकीय भूमियों के दुरूपयोग की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए सीमांकन कराये जाने के निर्देश भी दिये गये थे, इसी क्रम में आज ग्राम बगवाज के पुलिस लाइन रोड पर सर्वे क्रमांक 562/2/8/2 रकबा 2.090 हेक्टयर पर काटी गई कॉलोनी के पास स्थित शासकीय भूमि का सीमांकन किया गया। अंजली गुप्ता पुत्री कृष्ण कुमार गुप्ता के नाम से दर्ज उक्त भूमि पर कॉलोनी काटने का कार्य किया गया था, सीमांकन उपरांत पाया गया कि इस भूमि में शासकीय सर्वे नंबर 562/2/4 की 6 हजार 720 वर्गफीट भूमि को भी कॉलोनी में शामिल कर प्लाटिंग कर दी गई। एसडीएम गगन सिंह मीणा तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा के नेतृत्व में पहुंची राजस्व टीम द्वारा उक्त शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाते हुए अपने कब्जे में लेने की कार्यवाही की गई तथा भूमि को संरक्षित करते हुए तार फेसिंग का कार्य कराया गया है।

**मठेपुरा में भी दो स्थानों पर हुआ सीमांकन, मुक्त कराई शासकीय भूमि :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में ग्राम मठेपुरा स्थित काटी गई दो अवैध कॉलोनियों के समीप स्थित शासकीय भूमि के सीमांकन की कार्यवाही राजस्व अमले द्वारा की गई।

मठेपुरा के सर्वे नंबर 23/1 रकबा 0.147 हेक्टयर एवं सर्वे नंबर 24/12 रकबा 0.052 हेक्टयर भूमि जो कि रामलखन पुत्र प्रहलाद के नाम से दर्ज है, इस भूमि पर काटी गई कॉलोनी में 3600 वर्गफीट भूमि शासकीय पाई गई। तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा ने बताया कि शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 9/17/21 के सीमांकन के दौरान शासकीय भूमि जो कि गोपाल मंदिर के नाम से दर्ज है, को शामिल करते हुए कॉलोनी में प्लाटिंग का कार्य किया गया। सीमांकन के बाद 3600 वर्गफीट भूमि को मुक्त कराने की कार्यवाही की गई है। मठेपुरा में ही सर्वे नंबर 11/2 रकबा 0.470 हेक्टयर भूमि जो कि महेन्द्र पुत्र सियाराम मीणा के नाम से दर्ज है। इस भूमि पर काटी गई कॉलोनी में 900 वर्गफीट भूमि शासकीय पाई गई है, यह भूमि शासकीय नंबर में तलाई के नाम से दर्ज है।

### जैदा में काटी गई कॉलोनी में लगभग एक बीघा भूमि शासकीय

ग्राम जैदा के सर्वे क्रमांक 78 के रकबा 0.669 हेक्टयर में अशोक पुत्र कुंजबिहारी सर्राफद्वारा काटी गई अवैध कॉलोनी के पास स्थित शासकीय भूमि के सीमांकन में लगभग एक बीघा भूमि पर अतिक्रमण पाया गया। काटी गई कॉलोनी में मंदिर के नाम से दर्ज शासकीय भूमि का उपयोग कॉलोनी में सडक मार्ग के लिए करते हुए सीसी डाली गई थी। उक्त सीसी सडक को जेसीबी के माध्यम से नष्ट करते हुए भूमि को मुक्त कराने की कार्यवाही की गई है।

# समाधान योजना का प्रथम चरण 31 तक, सरचार्ज में सौ फीसदी तक छूट

**श्योपुर, 9 जनवरी।** विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में सौ फीसदी तक छूट का लाभ लेने के लिए 31 जनवरी 2026 को अंतिम दिन है। कंपनी क्षेत्रांतर्गत योजना का लाभ लाखों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं। कंपनी के प्रबंध संचालक ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में अंतिम दिन अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके सौ फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 का प्रथम चरण चल रहा है, जो कि 31 जनवरी 2026 को समाप्त् हो रहा है। इस दौरान बकायादार उपभोक्ताओं को सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ मिल रहा है। अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी वृत्त श्योपुर के 9 हजार 088 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी वृत्त श्योपुर के खाते में 26 करोड़ 80 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 10 करोड़ 75 लाख का सरचार्ज माफकिया गया है। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ताल हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं।

**अब तक 9 हजार 88 बकायादार उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन**

### समाधान योजना 2025-26, एक नजर में

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक रहेगी जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफकिया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में जो कि एक फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी, इसमें 50 से 90 फीसदी तक सरचार्ज माफकिया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को म.प्र. मध्यश क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल हेतु चवतजंस.उचब्र.पद पर पंजीयन कराना होगा। कंपनी के उपाय एप एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) तथा एमपी ऑनलाइन पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। पंजीयन के दौरान अलग-अलग उपभोक्ता श्रेणी के लिए पंजीयन राशि निर्धारित की गई है।

# नेहरू स्कूल में कॉलेज चलो अभियान आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत को शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर की टीम द्वारा नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्योपुर में में कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर कॉलेज चलो अभियान की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को इस अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया गया तथा इस हेतु ऑनलाइन प्रवेश-प्रक्रिया एवं एनईपी-2020 व 2025 के अन्तर्गत विषय-चयन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही सम्पूर्ण टीम ने छात्र-छात्राओं को शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय के दो विशेष पाठ्यक्रमों भू-गर्भ शास्त्र व सांख्यिकी व समस्त विषयों से जॉब की संभावनाओं की जानकारी के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, पाठ्यक्रमों, अन्य पाठ्य-सहगामी व कौशल विकास सम्बन्धी कार्यक्रमों, प्रतियोगी परीक्षाओं के मार्गदर्शन हेतु उपलब्ध संसाधनों व जॉबध्कैरियर से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी से भी अवगत कराया। अभियान रूपी इस कार्यक्रम के अन्त में सम्पूर्ण टीम ने छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

एक सम्पूर्ण टीम के रूप में आज डॉ. परवीन वर्मा, श्रीमती वेदांकी खण्डेलवाल, डॉ. श्याम बामनिया, डॉ. योगेश कुमार बाथम, डॉ. महेन्द्र कैथवास एवं डॉ. महेश कुमार कुशवाह शामिल रहे।

# अगरा में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने शिविर आयोजित





**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम आज उप तहसील भवन अगरा में दिव्यांगजनो के प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 44 दिव्यांगों के रजिस्ट्रेशन कर 28 दिव्यांगजनों को स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु चिन्हित किया गया।

**28 दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए चिह्नित**

उप तहसील भवन अगरा में आयोजित शिविर में डॉ विष्णु गर्ग मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ ललित शर्मा अस्थि रोग विशेषज्ञ, राजकुमार सहायक नेत्र रोग, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के कर्मचारी सतीश सिंह, अनिल यादव, अशोक यादव, सरपंच मुकेश राठौर, सचिव शंभू गोयल एवं मुकेश शाक्य डाटा एंट्री ऑपरेटर जनपद पंचायत विजयपुर उपस्थित रहे।

**दिव्यांग परीक्षण शिविर लगाने रोस्टर निर्धारित :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा विजयपुर क्षेत्र में दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए रोस्टर अनुसार तिथियां निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार प्रत्येक माह के द्वितीय गुरूवार को विजयपुर क्षेत्र में शिविर आयोजित होंगे। श्योपुर जिला मुख्यालय से विजयपुर की अधिक दूरी को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्देश दिये गये है कि जिला चिकित्सालय की टीम निर्धारित तिथियों में उपस्थित होकर दिव्यांगता का परीक्षण करेगी तथा सर्टिफिक्रेट बनाये जायेंगे, जिससे विजयपुर क्षेत्र के दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए श्योपुर जिला अस्पताल न आना पडें। दिव्यांगजनों की सुविधा के दृष्टिगत रख कलेक्टर द्वारा रोस्टर निर्धारित किया गया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 12 फरवरी 2026 को पुनः अगरा में, 12 मार्च को गसवानी हाईस्कूल में, 09 अप्रैल को जनपद पंचायत कार्यालय विजयपुर में, 14 मई को पंचायत भवन वीरपुर में तथा 11 जून को हायर सैकेण्डरी स्कूल रघुनाथपुर में शिविर आयोजित किये जायेगे।

## एक नजर में



### स्वच्छ राष्ट्र-स्वस्थ समाज विषय पर कार्यशाला आयोजित

**श्योपुर, 9 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट तथा अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी श्योपुर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती (युवा दिवस) के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत मोर्डन कान्वेंट स्कूल श्योपुर एवं पीएम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में स्वच्छ राष्ट्र स्वस्थ समाज के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा कैलाश नारायण गुप्ता, रेडक्रॉस सोसायटी उपाध्यक्ष जुगल बंसल, सचिव दिनेश दुबोलिया, बीईओ श्रीमती मधु शर्मा, प्रंबध समिति सदस्य श्रीमती निर्मला आचार्य, विद्यालय प्राचार्य भरत जाट, अवधेश सहित विद्यालय के शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाशनारायण गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में स्वच्छता का विशेष महत्व है। स्वच्छ राष्ट्र से ही स्वस्थ समाज की परिकल्पना की जा सकती है। स्वच्छता के प्रति जागरूक रहे तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें।



### शंकरपुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर होम्योपैथी कराहल के द्वारा शंकरपुर कॉलोनी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ.अनूप कुमार सोनी एवं डॉ. कौशल श्रीवास्तव द्वारा 25 महिला एवं 37 पुरूष सहित 62 रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया गया। शिविर में सुनील कुमार पाण्डे, श्रीमती दीतू पटेलिया एवं धर्मेन्द्र परमार के द्वारा औषधि वितरण एवं योग परामर्श दिया गया। हितग्राहियों को आहार विहार दिनचर्या ऋतुचर्या योग आदि के बारे में बताया गया।

# योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद द्वारा पंचायतराज अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं सहित आरजीएसए एवं पेसा एक्ट योजनाओं की समीक्षा की गई।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक के दौरान पंचायत प्रकोष्ठ अधिकारी श्रीमती राजेश शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरजीएसए, पैसा एक्ट जिला समन्वयक रामगोपाल, समस्त बीपीओ, बीसी, ऑपरेटर, पैसा मोबिलाइजर उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला हितैषी ग्राम पंचायत कराहल को महिला हितेषी के रूप में विकसित करने के लिए ग्राम सभा से पहले महिला सभाओ का आयोजन करने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य पोषण आदि को ग्राम पंचायत विकास योजना में जोड़े जाने के लिये निर्देशित किया गया। पंचायत प्रकोष्ठ अंतर्गत टैक्स कलेक्शन जल स्वच्छता कर के लिए जनपद विजयपुर से 18 एवं श्योपुर से 8 ग्राम पंचायतों को ऑनबोर्ड करते हुए टैक्स कलेक्शन करने के निर्देश दिए एवँ लंबित विद्युत बिल हेतु राशि जमा कराने के निर्देश प्रदान किये गये। इसके साथ ही पंचायत में अनुपयोगी कनेक्शनों को डिस्कनेक्ट कराने की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। आरजीएसए की समीक्षा के दौरान पंचायत अवार्ड पोर्टल पर प्रगति, वृंदावन गांव में कलस्टर स्तरीय पीएलसी केंद्र विकसित करने तथा पंचायत प्रतिनिधियों अधिकारियो, कर्मचारियो को आगामी एक्सपोसेर विजिट जिले से बाहर कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। पैसा एक्ट अंतर्गत समीक्षा के दौरान अनुपस्थित पैसा मोबलाइजरो का मानदेय बगैर उनकी अनुमति के न निकालने के लिये निर्देश दिये। जनपद कराहल के विभिन्न ग्राम पंचायतों की नवीन 21 ग्राम सभाओ का गठन के खाते के आवेदन 2 दिन बैंक में जमा करने एवँ आर्टिकल 275(1) के प्रस्ताव 2 दिन में तैयार करने हेतु पैसा मोबलाइजर को निर्देशित किया गया।

# द्वारिका-सोमनाथ यात्रा : शिवपुरी स्टेशन के लिए सुबह 10 बजे रवाना होंगी बसें

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जनवरी।** धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्योपुर जिले से 200 तीर्थ यात्री 11 से 17 जनवरी तक द्वारिका-सोमनाथ की तीर्थ यात्रा के लिए जायेगे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार यात्रियों को शिवपुरी स्टेशन तक पहुंचाने के लिए 5 बसों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यह बसे 11 जनवरी को प्रातः 10 बजे श्योपुर-बडौदा के यात्रियों के लिए श्री रामतलाई हनुमान मंदिर श्योपुर पर उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही विजयपुर के यात्रियों के लिए बस तहसील कार्यालय विजयपुर से प्रातः 10 बजे रवाना होगी। कराहल के यात्री बस स्टैण्ड कराहल से बस में बैठेंगे।

डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने बताया कि यात्रियों को सुविधाजनक तरीके से शिवपुरी रेलवे स्टेशन तक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। श्री रामतलाई हनुमान मंदिर श्योपुर से श्योपुर के 150 यात्री तथा बडौदा के 11 यात्री रवाना होंगे। कराहल के 13 यात्री बस स्टैण्ड कराहल से बैठेगे। इसी प्रकार तहसील कार्यालय विजयपुर से उस क्षेत्र के 26 यात्री बस द्वारा शिवपुरी के लिए रवाना होगे। यात्रियों के साथ तीर्थ यात्रा के लिए अनुरक्षक के रूप में तहसीलदार श्रीमती अमिता सिंह तोमर के नेतृत्व में 4 सदस्यीय दल भी रहेगा।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार यात्रियों को तीर्थ यात्रा से वापस लौटने पर शिवपुरी स्टेशन से वापस लाने के लिए बसों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने यात्रा पर जाने वाले यात्रियों से अनुरोध किया है कि अपने साथ पर्याप्त संख्या में गर्म ऊनी वस्त्र, शॉल, कंबल तथा आवश्यक दवाईयां साथ में लेकर आयें। इसके साथ ही दो पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की फोटोकॉपी भी लाना अपेक्षित है।

## सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 को

**श्योपुर, 9 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाये जाने के अवसर पर 12 जनवरी को सामुहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जायेगा

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में 12 जनवरी को सामुहिक सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय आयोजन शिवपुरी रोड स्थित नगरपालिका के ऑडिटोरियम में प्रातः 09 बजे से होगा।

# आदर्श कन्या महाविद्यालय में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जनवरी।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिविसेना श्योपुर श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी योगेश बंसल द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

**राष्ट्रीय युवा दिवस का साप्ताहिक कार्यक्रम**

उक्त शिविर के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार द्वारा महाविद्यालय में उपस्थित छात्राओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत बताया कि हमें स्वामी विवेकानंद से आत्मविश्वास, अनुशासन व समर्पण की भावना को अपने जीवन में अपनाना चाहिए क्योकि यह तीनों गुण ही एक अच्छे व्यक्तित्व को तैयार करते हैं। साथ ही छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, नालसा की स्कीम नशा पीड़ितों के लिये विधिक सहायता योजना के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।




इसी अनुक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी योगेश बंसल द्वारा नशे से होने वाले दुष्परिणामों पर विस्तृत चर्चा करते हुये बताया कि नशे के कारण न केवल शारीरिक रूप से अपितु मानसिक व आर्थिक रूप से परिवार व समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ता है इसलिये हमें समाज से नशे की समस्या के समाधान हेतु निरंतर रूप से नशे के खिलाफजागरूकता अभियान चलाने चाहिए।

इस अवसर पर नालसा की स्कीम बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं व सहायता योजना, व नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100 के महत्वता से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।